प्रादेशिक समाचार

10.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–सरकार की साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले 5 साल में 5 हजार साइबर कमाण्डो को प्रशिक्षित करने की योजना।

2. झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य की भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

3. राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया आज से फिर शुरू, अब छह केंद्रों पर प्रतिदिन तीन तीन हजार अभ्यर्थियों की होगी दौड़, सभी केंद्रों पर आक्सीमीटर और बीपी मापने की मशीन की, की गई व्यवस्था।

4. राज्य के सचिवालयकर्मी तीन दिनों की सामूहिक अवकाश पर गए, कहा–सरकार पदों के सृजन पर जल्द निर्णय लें नहीं तो तीन दिन बाद सभी जाएंगे हड़ताल पर।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बगैर संभव नहीं है। श्री शाह ने सभी हितधारकों को इस खतरे से निपटने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य की भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। आज रांची में पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी छह परिवर्तन यात्राओं के दौरान हेमंत सोरेन सरकार का पर्दाफाश किया जाएगा। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दिया है।

उधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है।

****

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उत्पाद सिपाही बहाली में जान गवा चुके मृतकों के परिजनों को एक–एक सरकारी नौकरी देनी चाहिए। प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अभ्यर्थियों की मौत मामले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने साहेबगंज बिचपुरा में आज ग्रामीणों के साथ संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हाल ही में इस राज्य में उन्होंने नई जिम्मेदारी संभाली है। राज्य के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों को समझने और वहां के लोगों से संवाद करना आवश्यक है। उन्होने कहा कि आपसी संवाद से यह जानकारी मिलती है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन किस प्रकार हो रहा है। संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी जानने का अवसर मिलता है।

****

गढ़वा जिले में प्रशासन ने सभी पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिये रुपरेखा बनाई है।

****

झारखंड में उत्पाद सिपाही के 5 सौ 83 पदों के लिए भर्ती दौड़ प्रक्रिया नियम में बदलाव के साथ एक बार फिर शुरू हो गई है। एडीजी कार्मिक आर के मल्लिक ने बताया कि सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए आक्सीमीटर और बीपी मापने की मशीन की व्यवस्था की गई है। पलामू के चियांकी एयरपोर्ट पर भर्ती दौड़ की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। अब पलामू के अभ्यर्थियों की दौड़ अन्य छह सेंटरों पर 19 और 20 सितंबर को होगी। भर्ती प्रक्रिया में प्रत्येक केंद्र पर रोजाना तीन तीन हजार अभ्यर्थियों की ही दौड़ कराई जा रही है, जबकि पहले यह संख्या 6 हजार थी। अभी करीब 1 लाख 14 हजार अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा बाकी है।

****

राज्य सचिवालयकर्मी तीन दिनों के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। उनका प्रदर्शन रांची के नेपाल हाउस के पास चल रहा है। सचिवालय कर्मियों का कहना है कि सरकार पदों के सृजन पर जल्द निर्णय लें। सचिवालय कर्मियों के अवकाश पर जाने से सचिवालय में काम काज प्रभावित हुआ है। सचिवालय कर्मियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार नहीं जगी तो तीन दिनों बाद सभी हड़ताल पर जाएंगे।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का उद्घाटन करते हुए 2 सौ 36 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 4 वर्षों में राज्य सरकार ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा।

****

राज्यभर में आज झारखंड पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गिरिडीह जिले में काफी लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने पुलिस कर्मियो को आम लोगों की समस्याओं को त्वरित निष्पादित करने का आदेश दिया।

****

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की बंगाल की खाड़ी में गहरा निम्न दबाव का क्षेत्र आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। इसी का असर झारखंड पर दिखायी पड़ रहा है।

****

पेरिस में हाल में संपन्न पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का आज स्वदेश वापसी पर भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थक फूल–मालाओं और मिठाइयों के साथ इन खिलाडियों का स्वागत करने पहुंचे।   पैरा जैवलिन थ्रोअर सुमित अंतिल ने इस भव्य स्वागत के लिए खेल प्रशंसकों का धन्यवाद किया।

*******समाप्त*******